# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**
**PRE BOARD-1 EXAMINATION 2023-24**
**HINDI (085)**

Class : X — Duration : **3** Hrs
Date : 22.11.2024 — Max. Marks : **80**
Admission No.: — Roll No.:

सामान्य निर्देश-

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ
- खंड क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।
- खंड ख में व्यावहाररक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित हैं आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कु ल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- यथासंभव सभी खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड अ (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न **1)** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए और उपयुक्त उत्तर को चुनकर लिखिए **(अंक 7)**

कभी-कभी सहज से तेज गति में परिवर्तित होते क्रोध को समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया तो उसके परिणाम अत्यंत घातक और पश्चाताप के भाव जगाने वाले हो सकते हैं । केलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी के मनोविश्लेषक टॉम जी स्टीवेन्स ने अपनी किताब 'ओवर कम एंगर एंड अग्रेशन' में स्पष्ट किया है कि क्रोध नियंत्रण का एक प्रमुख तरीका यह है कि स्थिति को अपने नहीं दूसरे के नजरिया से देखें, दूसरों को उन स्थितियों पर प्रकाश डालने के लिए प्रेरित करें, क्षमा करना सीखें, बीते को विसारने की आदत विकसित करें और किसी को चोट पहुँचाने के बजाय प्रशंसा से उसका मूल्यांकन करें । याद रखें क्रोधनियंत्रण से आप स्वयं को शक्तिशाली बनाते हैं । इससे आपकी खुशहाली और स्मृतियों का विस्तार होता है । यूनिवर्सिटी ऑफ सिन्नति के वैज्ञानिकों ने अपनी किताब 'साइंस ऑफ मेंटल इलनेस' में इन कमजोरियों पर प्रकाश डालते हुए गुस्से को काबू में रखने के कारगर सूत्र दिए हैं । क्रोधनियंत्रण से हम अपना ही नहीं दूसरे के उजड़ते संसार को फिर से आबाद कर सकते हैं क्योंकि शांत मन सृजन में समर्थ होता है । हमारे सृजनात्मक होने से ही मानवता का हित हो सकता है, तो जब भी क्रोध आए इन उपायों को आजमाएँ, जीवन में बिखरी हुई चीजों को सँवारने की ओर कदम खुद बढ़ चलेंगे।

(1) क्रोध नियंत्रण से होने वाले लाभों के संबंध में अनुपयुक्त कथन है - (1)

(क) इससे व्यक्ति स्वयं को शक्तिशाली बनाता है
(ख) इससे व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आती है
(ग) इससे व्यक्ति की स्मृतियों का विस्तार होता है
(घ) इससे व्यक्ति की रचनात्मकता में वृद्धि होती है

(2) मनोविश्लेषक स्टीवेन्स के अनुसार क्रोध पर काबू पाने का सर्वोपयुक्त उपाय है - (1)

(क) परिस्थितियों पर दूसरों के नियंत्रण को स्वीकार करना
(ख) परिस्थितियों पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित करना
(ग) परिस्थितियों को अपने नजरिए के द्वारा और अच्छे से समझना
(घ) परिस्थितियों को दूसरे के नजरिए से जानने का प्रयास करना

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके बाद दिए गए विकल्पों में से उचित

विकल्प चुनिए – (1)

कथन **(A)** क्रोध नवसृजन का सहायक है-

कारण **( R )** क्रोध अवस्था में क्षमाशीलता बढ़ जाती है।

(क**)** कथन (A)तथा कारण (R) दोनों गलत है ।

(ख**)** कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है ।

(ग**)** कथन (A)सही है तथा कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है ।

(घ**)** कथन (A)सही है लेकिन कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता है।

(4**)** क्रोध का परिणाम कब अत्यंत घातक बन जाता है? (2)

(5**)** क्रोध आने पर हमें क्या करना चाहिए? (2)

प्रश्न **2)** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए और उपयुक्त उत्तर को चुनकर लिखिए **(**अंक **7)**

हमारा भारत देश जो कि अनेकता में एकता के लिए जाना जाता है । यह सांस्कृतिक रूप से एक समृद्ध देश है। जिस देश को आगे ले जाने में महिलाओं का भी योगदान हमेशा एक महत्वपूर्ण शक्ति रहा है । पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं ने सामाजिक कुरीतियों और बाधाओं को तोड़कर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त की है परंतु उनकी उपलब्धियों पर कभी ध्यान नहीं दिया गया या उन्हें प्रोत्साहित नहीं किया इसी को स्वीकार करते हुए भारत सरकार ने महिलाओं के योगदान को जानने और उन्हें सम्मान देने हेतु नारी शक्ति वंदन अधिनियम बनाया जिसका उद्देश्य समाज में नारी शक्ति को सशक्त बनाना है । इस अधिनियम को महिला सशक्तिकरण तथा मान्यता अधिनियम भी कहा जाता है। जिसे संपूर्ण देश में महिलाओं की असाधारण उपलब्धियों का जश्न मनाने तथा उनको मान्यता देने हेतु पारित किया गया। यह अधिनियम सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मान्यता के प्रतीक के रूप में कार्य करता है । संक्षेप में कहा जाए तो इस अधिनियम का लक्ष्य समाज में महिलाओं के कार्य को प्रोत्साहित करना है । महिलाओं के प्रति रूढ़िवादिता की भावना को समाप्त करना ,महिलाओं का मनोबल बढ़ाना ,लैंगिक समानता की भावना को प्रोत्साहित करना है ।

**(1**) गद्यांश में उल्लिखित महिला सशक्तिकरण से क्या आशय है ? (1)

(क**)** महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना ।

(ख**)** महिलाओं को आर्थिक तथा सामाजिक रूप से सशक्त बनाना।

(ग**)** (क )और (ख ) दोनों

(घ**)** महिलाओं के लिए जश्न मनाना।

**(2**) निम्नलिखितकथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके बाद दिए गए विकल्पों में से उपर्युक्त कथन और कारण के आधार पर सही विकल्प चुनिए। (1)

कथन **(A)** भारत सरकार द्वारा सशक्ति वंदन अधिनियम बनाया गया

कारण**(R)** इसका उद्देश्य समाज में नारी शक्ति को सशक्त बनाना है ।

(क**)** कथन(A) और कारण (R) दोनों सही हैं ।

(ख**)** कथन (A)और कारण (R)दोनों गलत है ।

**(**ग**)** कथन (A) सही है तथा कारण (R)उसकी सही व्याख्या है ।

**(**घ**)** कथन (A) गलत है किंतु कारण (R )उसकी सही व्याख्या नहीं है ।

**(3)** संपूर्ण देश में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने तथा मान्यता देने हेतु क्या पारित किया गया ? (1)

(क**)** सूचना का अधिकार अधिनियम

(ख**)** महिला वंदन अधिनियम

(ग**)** लैंगिक क्षमता अधिनियम

(घ) शिक्षा का अधिकार अधिनियम

**(4)** भारत देश अनेकता में एकता के लिए क्यों जाना जाता है ? (2)

**(5)** गद्यांश के अनुसार रूढ़िवादिता क्या है ? (2)

खंड ख व्यवहारिक व्याकरण

प्रश्न **3)** निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **(4x 1=4)**

(क) लाल रंग की पुस्तक मेज पर रखी है । रेखांकित में कौन सा पदबंध है

(ख) नीम की घनी छाँव में बैठा व्यक्ति आनंद का अनुभव करता है । वाक्य में विशेषण पदबंध है ?

(ग) तेज चलने वाली गाड़ियाँ प्रायः देर से पहुँचती है। इस वाक्य में रेखांकित अंश कौन सा पदबंद है?

(घ) क्रिया पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**(ङ)** क्रिया विशेषण पदबंध का एक उदाहरण दीजिए।

प्रश्न **4)** रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए **- (4x1=4)**

(क) दादा को तार देने के सिवा तुम्हें और कुछ न सूझेगा। वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) भीड़ की अधिकता के कारण पुलिस जुलूस को रोक नहीं सकी। संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) उदाहरण द्वारा सरल एवं मिश्र वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

**(घ)** संयुक्त वाक्य में समुच्चयबोधक अव्यय की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

**(ङ)** गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध-बुध खोने लगा ।वाक्य का भेद बताइए।

प्रश्न **5)** समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(4x 1=4)**

(क) 'नीलकमल 'शब्द में कौन सा समास है ?

(ख) तीन आँखें हैं जिसकी अर्थात शिव का समस्त पद बताइए ।

(ग) शरणागत शब्द का सही समास विग्रह कीजिये।

**(घ)** कर्मधारय और बहुव्रीहि समास में अंतर बताइए।

**(ङ)** अपादान तत्पुरुष समास किसे कहते हैं ?

प्रश्न **6)** मुहावरों पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए **-** **(4x 1=4)**

(क) दिल फड़कना का अर्थ बताइए।

(ख) समुद्र किनारे शाम को तताँरा रोज वामीरो की -------------- था।

(ग) गाढ़ी कमाई इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**(घ)** रमेश ने भाई के पढ़ाई के लिए अपना खून जलाने में भी परहेज नहीं किया। इसमें मुहावरा छाँटकर लिखिए।

**(ङ)** आज अध्यापक ने सभी बच्चों को --------------- लिया।

खंड ग **(**पाठ्यपुस्तक**)**

प्रश्न **7)** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए। **(5x 1=5)**

कुछ समय बाद पास गाँव में पशु पर्व का आयोजन हुआ पशु पर्व में हृष्ट-पुष्ट पशुओं के प्रदर्शन के अतिरिक्त पशुओं से युवकों की शक्ति परीक्षा प्रतियोगिता भी होती है । वर्ष में एक बार सभी गाँव के लोग हिस्सा लेते हैं बाद में नृत्य संगीत और भोजन का भी आयोजन होता है । शाम से सभी लोग पासा में एकत्रित होने लगे । धीरे-धीरे विभिन्न कार्यक्रम शुरू हुए । तताँरा का मन इन कार्यक्रमों में तनिक न था । उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं। नारियल के झुण्ड के एक पेड़ के पीछे से उसे जैसे कोई झाँकता दिखा । उसने थोड़ा और करीब जाकर पहचानने की चेष्टा की । वह वामीरो थी, जो भयवस सामने आने में झिझक रही थी । उसकी आँखें तरल थीं। होंठ काँप रहे थे । तताँरा को देखते ही वह फूट-फूटकर रोने लगी । तताँरा विकल हुआ उससे कुछ बोलते ही नहीं बन रहा था । रोने की आवाज लगातार ऊँची होती जा रही थी तताँरा किं कर्तव्य विमूढ़ था । वामीरो के रुदन स्वरों को सुनकर उसकी माँ वहाँ पहुँची और दोनों को देखकर आग बबूला हो उठी।

(1) पशु पर्व में कैसे पशुओं का प्रदर्शन किया जाता था ?

(क) विकार ग्रस्त (ख) हष्ट पुष्ट
(ग) केवल जंगली (घ) केवल पालतू

(2) होंठ काँप रहे थे का क्या अर्थ है ?

(क) मनोरंजनात्मक विलाप (ख) रोने को उत्सुक
(ग) भय से परिपूर्ण रोने की स्थिति (घ) उपर्युक्त सभी

(3) तताँरा का मन कार्यक्रम में न लगने का क्या कारण था ?

(क) कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन न होना। (ख) माँ द्वारा डांटे जाना
(ग) वामीरो को ढूँढ़ना (घ) गाँव वालों से अपेक्षा करना

(4) गद्यांश के अनुसार वामीरो झिझक क्यों रही थी ?

(क) पशुओं के प्रदर्शन को देखने में
(ख) भय वश सामने आने में
(ग) कार्यक्रम में जाने से
(घ) भोजन का आनंद न ले पाने से

(5) निम्नलिखित कथन और करण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए -

कथन **(A)** तताँरा का मन कार्यक्रम में नहीं लगा ।
कारण **(R )** तताँरा वामीरो से प्रेम करने लगा था ।

(क) कथन (À) गलत है किंतु कारण (R ) सही है
(ख) कथन (A) और कारण (R ) दोनों गलत है
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R )कथन (A) की सही व्याख्या है
(घ) कथन (A)सही है किंतु कारण (R ) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

प्रश्न **8)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25** से **30** शब्दों में लिखिए - **(3x 2=6)**

(क) बड़े भाई छोटे भाई को अपनी बातों से प्रभावित करने के लिए कौन-कौन सी युक्तियाँ अपनाते हैं ?
(ख) वजीर अली एक सच्चा देशभक्त था कैसे ? कारतूस पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।
(ग)'तीसरी कसम 'पाठ का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए।
(घ) 26 जनवरी 1931 के दिन बड़े बाजार का माहौल कैसा था ?

प्रश्न **9)** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए **(5x 1=5)**

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी ,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी ।
हुई न सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए ,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए
वही पशु प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

(1) कवि के अनुसार मृत्यु की सार्थकता किसमें है ?

(क) देशहित में
(ख) यश कीर्ति में
(ग) सबके याद करने में
(घ) बलि वेदी पर चढ़ने में

(2) किस प्रकार के मनुष्य का जीवन पशु के समान होता है ?

(क) जो अपने जीवन में परोपकार करते हैं
(ख) जो मृत्यु का वर्णन करते हैं
(ग) जो अपने जीवन को लोक मंगलकार्य में नहीं लगते हैं ।

(घ) जो मृत्यु आने तक दुखी रहते हैं ।

(3) कवि के अनुसार वास्तव में मनुष्य कहलाने का अधिकारी कौन होता है?

(क) जो स्वयं के जीवन को सुखमय बनता है

(ख) जो दूसरों के हित पूर्ति के लिए अपना जीवन जीता है

(ग) जो मृत्यु से भयभीत नहीं रहता है

(घ) जो हमारी याद में आँसू बहता है

(4) कविता में सुमृत्यु किसे कहा गया है ?

(क) परोपकार के लिए जीने वाले की मृत्यु को

(ख) स्वार्थ के लिए जीने वाले की मृत्यु को

(ग) अपने कर्तव्यों का पालन करने करते हुए मिली मृत्यु को

(घ) उपर्युक्त सभी

(5) 'मरा वही कि जो जिया ना आपके लिए' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए -

(क) जो अपने लिए जीता है वही कभी नहीं मारता

(ख) जो पशुओं के लिए जीता है वह कभी नहीं मारता

(ग) जिसकी इच्छाएँ पूरी नहीं होती वह कभी नहीं मारता

(घ) जो अपना जीवन परोपकार में लगा देता है वह कभी नहीं मारता।

प्रश्न **10)** निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर **25** से **30** शब्दों में लिखिए। **(3x 2=6)**

(क) अपने किन हितों को पूरा करने के लिए मीरा कृष्ण की चाकरी करना चाहती थी ? पद के आधार पर लिखिए ।

(ख) पर्वतीय प्रदेश में वर्षा के सौंदर्य का वर्णन पर्वत प्रदेश में पावस के आधार पर अपने शब्दों में कीजिए ।

(ग) दीपक दिखाई देने पर कौन सा अँधियारा मिट जाता है और कैसे ? कबीर की साखी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए ।

(घ) कवि सुखों के दिनों के लिए ईश्वर से क्या निवेदन करता है 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर बताइए ।

प्रश्न **11)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए **(2x 3=6)**

(क) टोपी शुक्ला पाठ के आधार पर टोपी और इफ्फन की दादी के आत्मीय संबंधों को स्पष्ट कीजिए एवं यह भी बताइए कि इससे आपको क्या प्रेरणा मिलती है ।

(ख) स्कूल जाने के प्रति लेखक के मन में निराशा के भाव थे परंतु धीरे-धीरे स्कूल के प्रति उसका आकर्षण बढ़ने लगा । ऐसा कब संभव हुआ सपनों के से दिन पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(ग) आम आदमी की धर्म के प्रति अंधश्रद्धा को धर्म के ठेकेदार किस रूप में उसका फायदा उठाते हैं हरिहर काका कहानी में काका किस प्रकार शिकार हुए स्पष्ट कीजिए।

## खंड घ रचनात्मक लेखन

प्रश्न **12)** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए **(1x 5=5)**

(क) कृत्रिम बौद्धिकता के बढ़ते कदम

संकेत बिंदु -

* क्या है कृत्रिम बौद्धिकता
* बढ़ता प्रभाव
* संभावित खतरा

(ख) जब मुझे मेरा निजी स्मार्टफोन मिला

संकेत बिंदु -

* कब और क्यों मिला ?
* अवर्णनीय खुशी का अनुभव
* मित्रों और संबंधियों के साथ खुशी बांटना

(ग) दैव दैव आलसी पुकारा

संकेत बिंदु -

* कथन का अर्थ
* आलस्य सबसे बड़ा शत्रु
* कर्मसे ही सफलता

प्रश्न **13** (क) प्रधानाचार्य, क, ख, ग, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की ओर से जिला के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए जिसमें विद्यालय के छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण का निवेदन किया गया हो। **(1x 5=5)**

अथवा

(ख) आप अपने विद्यालय के रसायन विज्ञान के अध्यापक हैं ।रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला के लिए आवश्यक उपकरण मँगवाने हेतु उपकरण विक्रेता को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

प्रश्न **14**) आपके विद्यालय में ग्रीष्म अवकाश के दौरान व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। छात्र कल्याण संगठन के सचिव होने के नाते कक्षा नवीं से 12वीं तक के सभी छात्रों तक इस शिविर की जानकारी प्रदान करने हेतु लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए **(1x 4=4)**

अथवा

(ख) आपकी सोसाइटी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है रेजिडेंट वेलफेयर संगठन के सचिव होने के नाते समिति निवासियों को इसकी जानकारी देने हेतु लगभग 60 शब्दों में एक सूचना पत्र तैयार कीजिए

प्रश्न **15** ) (क) किसी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन का प्रारूप तैयार कीजिए जिसमें आवश्यक दस्तावेज यात्रा के समय मार्ग में खो जाने का उल्लेख हो **(1x 3=3)**

अथवा

(ख) आर्थिक दृष्टि से कमजोर छात्रों को निशुल्क शिक्षक सुविधा उपलब्ध कराने हेतु “क ख ग” स्कूल की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए ।

प्रश्न **16** (क) ‘सच्चा मित्र’ विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए **(1x 5=5)**

अथवा

(ख) बड़ी बहन के विवाह में सब परिवार सम्मिलित होने के लिए अपने मित्र को लगभग 100 शब्दों में ईमेल द्वारा निमंत्रण पत्र भेजिए।

समाप्त